आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र
RNI No. UPHIN/2012/47484

जननायक सम्राट

दूसरा नवरात्री

बर्ष :12 अंक :277 पृष्ठ -4 दिनांक 04 अक्टूबर 2024 दिन शुक्रवार

बिजनौर में कुट्टू का आटा खाने से 150 से ज्यादा लोग बीमार, मेरठ में 50 की तबीयत बिगड़ी

नवरात्रि के पहले दिन उपवास के बाद कुट्टू का आटा खाया था, जिसके बाद उन्हें उलटीं, चक्कर और पेट में दर्द की शिकायत

उत्तर प्रदेश के बिजनौर में शारदीय नवरात्रि के पहले मिलावटी कुट्टू का आटा खाने से 150 लोगों की तबीयत बिगड़ गई तो वहीं मेरठ में भी कुट्टू का आटा खाने से 50 लोग बीमार हो गए. जिसके बाद उन्हें तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जहां उनका इलाज हो रहा है. इन लोगों ने नवरात्रि के पहले दिन उपवास के बाद कुट्टू का आटा खाया था, जिसके बाद उन्हें उलटीं, चक्कर और पेट में दर्द की शिकायत होने लगी. पहला मामला बिजनौर के चांदपुर इलाके का है जहां 150 से ज्यादा लोगों को कुट्टू का आटा खाने के बाद फूड प्वाइजनिंग हो गई जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी. गुरुवार को उपवास के बाद इन लोगों ने कुट्टू के आटे से बना खाना खाया था, जिसके बाद उन्हें पेट में दर्द होने लगा. इस बीच कई लोगों के चक्कर आने और उल्टी की भी शिकायत की.

कुट्टू का आटा खाने से बिगड़ी तबीयत

लोगों की तबीयत बिगड़ने के बाद परिजन परेशान हो गए और आनन फानन में उन्हें बिजनौर सीएचसी और जिला अस्पताल की ओर लेकर भागे. इसके बाद तो अस्तपालों में भी मरीजों की लाइन गई, एक के बाद एक फूड प्वाइजनिंग के मरीज आने लगे. एक साथ इतनी बड़ी संख्या में मरीजों के आने से स्वास्थ्य विभाग के हाथ–पांव भी फूल गए. इनमें से कई मरीजों को सीएचसी में भर्ती कराया गया तो वहीं कई मरीज जिला अस्पताल में भर्ती हैं जहां उनका इलाज चल रही है.चाहे ये ड्रग माफिया हो या खनन माफिया, भूमाफिया हों या पशु माफिया..कोई भी माफिया हो ये समाज के विकास की सबसे बड़ी बाधा है. ये जो नशे को कारोबारी हैं. माफिया प्रवृत्ति को कभी नहीं पनपने देना है, ये देश की पीढ़ी को बर्बाद कर देगा.

ऐसी ही दूसरी घटना मेरठ में देखने को मिली है. यहां भी मिलावटी कुट्टूकाआटा खाने से 50 लोगों की तबियत बिगड़ गई. मेरठ केमलियाना और ब्रह्मपुरी इलाके में भी नवरात्रि के उपवास के दौरान लोगों ने कुट्टू का आटाखाया था.जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई. कई लोगों खाना खाने के बाद बेहोश होकर जमीन पर गिर गए तो वही कुछ ने उल्टी,दस्त और चक्कर आने की शिकायत की जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती करायागया है. मरीजोंकीसंख्या को देखतहुए जिला अस्पताल के कई डॉक्टर्स की टीम मौके पर बुलाई गई, इन मरीजों में बच्चे भी शामिल हैं.

एक झटके में गम में बदली खुशियां सड़क हादसे में चार दोस्तों की गई जान, नवजात के जन्म पर बधाई देने जा रहे थे

शुक्रवार की रात करीब 11 बजे इटियाथोक खरगूपुर मार्ग पर बेंदुली मोड़ के पास तेज रफ्तार एक बोलेरो आम के पेड़ से टकराकर अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। गड्ढे में पानी भरा हुआ थागोंडा जिले के खरगूपुर थाना क्षेत्र के

सभी नवजात के जन्म पर बधाई देने जा रहे भटपी गांव जा रहे थे। गश्त पर निकले वरिष्ठ उप. निरीक्षक रमन कुमार को घटना की जानकारी हुई। उन्होंने तुरंत आसपास के लोगों को बुलाकर सभी घायलों को बोलेरो से बाहर निकाला और एंबुलेंस से उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा।हादसे में चारों युवकों की

भटपी में नवजात के जन्म पर बधाई देने जा रहे चार युवक हादसे का शिकार हो गये। तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर पहले पेड़ से टकराई फिर पलट गई। भीषण सड़क हादसे में गंभीर रूप से जख्मी चारों दोस्तों को गोंडा मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया।

शुक्रवार की रात करीब 11 बजे इटियाथोक खरगूपुर मार्ग पर बेंदुली मोड़ के पास तेज रफ्तार एक बोलेरो आम के पेड़ से टकराकर अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। गड्ढे में पानी भरा हुआ था। कोतवाली देहात अतंर्गत ठड्की–पट्टी दुल्लापुर तरहर निवासी अभिषेक साहू (21), झंझरी के तिवारीबा. जार निवासी रामबचन पांडेय (23), दुर्गा. पुर तरहर कचनापुर के रहने वाले दीपू मिश्र (21) और कोतवाली देहात अंतर्गत कंसापुर निवासी कर्म सिंह (24) गंभीर रूप से घायल हो गए।वाहन चला रहे दीपू के भाई की भटपी में ससुराल है।

मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि सड़क हादसे के शिकार चारों युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गये थे। मौके पर पहुंचे पुलिस बल ने उन्हें मेडिकल कॉलेज में आकस्मिक चिकित्सा के लिए पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने बताया कि सभी की सांसें थम चुकी हैं। चारों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये गये हैं।

मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन की व्यवस्था पर सुनवाई . . पूरी, इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रिजर्व किया जजमेंट

प्रयागराज में दुर्गा पूजा पर प्रतिमाओं का विसर्जन संगम के नजदीक गंगा किनारे कृत्रिम तालाब में कराए जाने का आदेश दिए जाने की मांग को लेकर दाखिल जनहित याचिका पर सभी पक्षों की बहस पूरी होने के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपना जजमेंट रिजर्व कर लिया है. जनहित याचिका में हाईकोर्ट के पूर्व आदेश के तहत देवी प्रतिमाओं का विसर्जन कराए जाने की मांग की गई है. इसके साथ ही केंद्रीय व राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं राज्य सरकार की गाइड लाइन के तहत विसर्जन कराने की भी मांग की गई है. इस मामले में चीफ जस्टिस अरुण भंसाली और जस्टिस विकास बुधवार की डिवीजन बेंच का फैसला शुक्रवार को आ सकता है.यह जनहित याचिका समाजस.

`वी

योगेंद्र कुमार पांडेय, इलाहाबाद दुर्गा पूजा समिति के सचिव एवं बंगाली वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ पीके राय, पूर्व पार्षद कमलेश सिंह एवं अधिवक्ता प्रियंका श्रीवास्तव की ओर से दाखिल की गई है. हाईकोर्ट में याचिकार्ताओं की तरफ से उनके अधिवक्ता विजय चंद्र श्रीवास्तव और सुनीता शर्मा ने दलीलें पेश की. उनके मुताबिक पूर्व में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन यमुना किनारे सरस्वती घाट पर होता था. 2014 में गंगा प्रदूषण पर उनकी जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने रोक लगा दी थी. कोर्ट ने गंगा में प्रदूषण रोकने के लिए दुर्गा मूर्तियों का विसर्जन गंगा किनारे कृत्रिम तालाब बनाकर कराने का आदेश दिया था.अधिवक्ता

विजय चंद्र श्रीवास्तव और सुनीता शर्मा के मुताबिक हाईकोर्ट ने वर्ष 2015 में फिर से कृत्रिम तालाब में विसर्जन का आदेश पारित किया. कृत्रिम तालाब और व्यवस्था कराने के लिए यूपी सरकार ने पैंसठ लाख रुपये का बजट भी मंजूर किया था. साल 2019 तक गंगा किनारे कृत्रिम तालाब में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन कराया जाता रहा. इसके बाद प्रशासन अंदावा के तालाब में मूर्ति विसर्जन करा रहा है. दावा किया गया है कि तालाब का पानी गंदा होने से लोगों की धार्मिक आस्था की ठेस पहुंच रही है. तालाब का जल दूषित होने के चलते लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं. दलील दी गई कि इस वर्ष भी प्रशासन की योजना अंदावा के गंदे तालाब में मूर्ति विसर्जन कराने की है. सुनवाई में सरकारी वकील ने अंदावा तालाब की वर्तमान स्थिति और इससे जुड़ी जानकारी पेश की. दावा किया कि कृत्रिम तालाब में ही विसर्जन कराया जा रहा है, जिसका याचिकाकर्ताओं के वकीलों द्वारा विरोध करते हुए इसे गलत बताया गया. इस जनहित याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट शुक्रवार को अपना फैसला सुना सकता है. हाईकोर्ट से आने वाले फैसले से ही यह तय होगा कि प्रयागराज में इस बार दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन कहां किया जाएगा. पिछले पांच

मेंरे फर्म को काम नहीं... श्रावस्ती जिलाधिकारी को व्हाट्सएप . . पर मिली धमकी, आरोपी पर मामला दर्ज

उत्तर प्रदेश के श्रावस्ती से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है. श्रावस्ती जिले के मुखिया यानी जिलाधिकारी को एक कथित जालसाज और ठगी करने वाले ने व्हाट्सएप पर धमकी भरा संदेश भेजा है. आरोपी अक्सर बड़े–बड़े

त्रिपाठी पर श्रावस्ती में मोहम्मद शाहिद को टेंडर दिलाने के नाम पर 6 लाख 85 हजार की ठगी का मामला दर्ज किया गया है. इकौना थाने में भी

अधिकारियों पर उच्च अधिकारियों का नाम लेकर दबाव बनाता है और खुद से जुड़ी कंपनियों को ठेका दिलाने का काम करता है. आरोपी एक सिंडिकेट के रूप में काम करता है, जब कंपनियां ब्लैक लिस्ट हो जाती हैं तो यह दूसरी कंपनियों के माध्यम से अधिकारियों से जबरदस्ती काम लेता है. इनको काम ना देने पर जिलाधिकारी जैसे अधिकारियों की धमकता देते हैं.व्हाट्सएप पर डीएम को धमकीपूरा मामला श्रावस्ती जनपद का है, जहां पर जिलाधिकारी अजय द्विवेदी को कल यानी गुरुवार (3 अक. टूबर) को उनके मोबाइल व्हाट्सएप पर लखनऊ साउथ सिटी रायबरेली रोड के रहने वाला संदीप त्रिपाठी का मैसेज आया. इस मैसेज के जरिये जिलाधिकारी अजय द्विवेदी को पंचायती राज में ठेके ना देने पर धमकाने की कोशिश की गई.

आरोपी पर दर्ज हैं कई मामले

इस पर जिलाधिकारी ने भिनगा कोतवाली में मामले को दर्ज कराया. जिला अधिकारी अजय द्विवेदी ने बताया कि यह अक्सर बड़े अधिकारियों का नाम लेकर अधिकारियों को डराते धमकाते हैं. इस व्यक्ति के खिलाफ लखनऊ और श्रावस्ती में पहले से ही ठगी और जालसाजी के दो मामले दर्ज हैंजिला अधिकारी अजय द्विवेदी ने बताया कि इस आरोपी ने लखनऊ के पीजीआई और मड़ियांव थाने में मामला दर्ज है, इस मामले में आरोपी पर खुद को आईएएस–पीसीएस अधिकारी का परिचित बताकर सरकारी नौकरी के नाम पर 85 लाख और 30 लाख की ठगी करने का मामला दर्ज है.संदीप त्रिपाठी की जालसाजी और ठगी करने की एक लंबी लिस्ट है. इससे पहले संदीप

ठगी का एक मामला इसके खिलाफ दर्ज है.जिलाधिकारी की बढ़ाई गई सुरक्षा इसी क्रम में गुरुवार को संदीप त्रिपाठी श्रावस्ती जिलाधिकारी अजय द्विवेदी के टेंडर ना देने के सिलसिले में धमकी भरे मैसेज भेजने को लेकर मामला दर्ज किया गया है. इस धमकी के बाद पुलिस ने जिलाधिकारी अजय द्विवेदी की सुरक्षा बढ़ा दी है और मामले की जांच में जुट गई है. फर्म को काम न मिलने पर धमकी संदीप त्रिपाठी नाम के इस व्यक्ति ने व्हाट्सएप मैसेज के जरिये धमकी दी गई है. इसमें आरोपी ने कहा कि अगर मेरे फर्म को काम नहीं दिया जाता है तो इसका परिणाम अच्छा नहीं होगा. इस धमकी के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया है और पुलिस ने तत्काल जिलाधिकारी की सुरक्षा बढ़ा दी है.

सुहागरात से पहले 20 हजार रूपये मांगने लगी दुल्हन, पुलिस को फोन कर बुलाया दूल्हे के घर

उत्तर प्रदेश के संभल में पुलिस ने शादी का झांसा देकर ठगी करने वाले गैंग का खुलासा करते हुए लुटेरी दुल्हन और उसके गैंग की सरगना महिला सहित दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है. इन्होंने राजपुरा के एक व्यक्ति से 50 हजार में शादी कराने का झांसा दिया और 30 हजार रुपये ले लिए और दुल्हन बनकर इनमें से एक उसके घर पहुंच गई.यहां पर सुहागरात में ही 20 हजार रुपये और मांगने लगी और हंगामा कर दुल्हन ने ही पुलिस को 112 डायल कर बुलाया लेकिन इनके अपराधिक रिकॉर्ड की पोल खुलने पर ये भागने की कोशिश करने लगी तब पुलिस ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया.शादी के लिए 30 हजार रुपये एडवांस दिएएसपी संभल कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि दो दिन पहले मुकेश नाम के व्यक्ति ने थाने में शिकायत की थी कि मुझे शादी करनी थी मेरे दोस्त यशवीर ने मुझे पंडित नाम के एक व्यक्ति से मिलवाया था. पंडित ने मुझे 50 हजार रुपये में शादी करा देने का झांसा देते हुए मोना और मुस्कान नाम की दो महिलाओं से मिलवाया था. मैंने उसी समय मोना को 30 हजार रुपये एडवांस दिए और उसने मुस्कान से मिलवाया की यह दुल्हन है और 20 हजार रुपये बाद में देने हैं.उन्होंने कहा कि मुकेश और मुस्कान दोनो साथ घर चले गए रात को 12 बजे मुस्कान ने पुलिस को 112 डायल कर बताया कि उसे बंधक बना लिया है. सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंची तो मुस्कान वहां से भागने का प्रयास कर रही थी. इस पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया, यह लुटेरी महिला अपने गैंग के साथ मिलकर लोगों को शादी कराने काझांसा देकर उनके साथ ठगी कर लेतीं हैं और फिर दुल्हन बनाकर ससुराल वालों को लूट कर फरार हो जाती हैं.कई जिलोंवारदातों को दिया अंजामइस गैंग महिलाओं मुरादाबाद, रामपुर , संभल और अमरोजनपदों में पुलिस इनके आपराधिक रिकार्ड को खंगाल रही है और तथ्यों के आधार पर इनके खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

आगरा के लाल यश का पैरालंपिक में शानदार प्रदर्शन, पेरिस में किया नाम रोशन, CM Yogi ने किया सम्मानित

26 साल यश कुमार पैरालंपिक गेम्स में केनो प्रतियोगिता के सेमीफाइनल तक पहुंच गए

ताजनगरी आगरा के रहने वाले यश कुमार ने दुनिया में देश के हुनर का परचम फहराया है. 26 साल यश कुमार पैरालंपिक गेम्स में केनो प्रतियोगिता के सेमीफाइनल तक पहुंच गए. यश का यह पहला पैरालंपिक था. उनके सामने दुनिया के दिग्गज खिलाड़ी जिन्हे पैरालंपिक का खासा अनुभव हासिल था. लेकिन उनके हौसले भी बुलंद थे और यही वजह थी कि देश का प्रतिनिधित्व कर रहे यश सेमीफाइनल तक पहुंचे. आगरा के दयालबाग के रहने वाले यश कुमार शारीरिक रूप से अस्वस्थ हैं लेकिन, उनके हौसले चट्टान जैसे हैं यश की कमर से नीचे का हिस्सा काम नहीं करता है. वो व्हीलचेयर पर बैठकर सारे काम करते है. जब वो एक साल के थे तभी से उन्हें इस तरह की परेशानी हो गई थी. जिसके बाद भी उन्होंने कभी हार नहीं मानी. जीवन में आने वाली तमाम कठिनाइयों का उन्होंने पूरी हिम्मत के साथ सामना किया.

पैरालंपिक में सेमिफाइनल तक पहुंचेयश कुमार देश के पहले पुरूष खिलाड़ी है जो केनो गेम्स में शामिल हुए हैं. यश कुमार ने अपनी ट्रेनिंग भोपाल से की. जहां कोच द्वारा उनको ऐसा तैयार किया गया कि अपने पहले ही पैरालंपिक गेम्स में प्रतिभा का लोहा मनवा दिया और सेमीफाइनल तक पहुंच गए. यश को इस बात का भी दुख है कि देश के लिए गोल्ड नही जीत आए, लेकिन उनके इरादे पक्के हैं. देश के लिए गोल्ड जीतना लक्ष्य यश ने कहा कि भले ही वो 2024 के पैरालंपिक में गोल्ड नहीं जीत पाए हो पर अब उनकी निगाहें 2028 में होने वाले पैरालंपिक गेम्स पर है. देश के लिए गोल्ड जीतने की चाह लिए वो अभी से तैयारी में जुट गए हैं. उनके जीवन में परिवार का भी बहुत योगदान रहा है, जो हर कठिनाई में उनके साथ चट्टान की तरह खड़े रहे. यश जब पैरालंपिक से वापस देश लौटकर आए तो तमाम बड़ी हस्तियों ने उनका सम्मान किया. रिलायंस इंडस्ट्री के मालिक मुकेश अंबानी भी उनसे मिले. पैरालंपिक गेम्स में भारत का झंडा लहराने वाले खिलाड़ी जब स्वदेश वापस आए तो देश ने बाँहें फैलाकउनका सम्मान किया. यूपी सरकार ने भी इन खिलाड़ियों का सम्मान किया. सीएम योगी आदित्यनाथ ने उन्हें 10 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी और उनसे मुलाकात भी की. यश ने कहा कि ये उनका पहला पैरालंपिक था. अब उनकी नजर 2028 के गेम्स पर है, वो देश के लिए गोल्ड जीतना चाहते हैं.

ऑनलाइन ठगों ने 30 हजार लोगों के 500 करोड़ कर दिए साफ, पुलिस ने मास्टमाइंड को दबोचा

दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल की छैंद यूनिट ने ठगी के एक बड़े मामले का खुलासा किया. पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने महज एक मोबाइल एप के माध्यम से इस वारदात को अंजाम देने में सफल रहा. आरोपियों ने इन्वेस्टमेंट पर मोटा मुनाफा का झांसा देकर देश भर के 30 हजार लोगों से 500 करोड़ रुपये की ठगी की. अब इस मामले में पुलिस ने तमिलनाडु के मास्टरमाईंड को गिरफ्तार कर पूरे गोरखधंधे का खुलासा किया है. पुलिस ने उसके चार बैंक खातों से 18 करोड़ रुपये भी जब्त किए हैं. इस मामले में गिरफ्तार आरोपी की पहचान जे. शिवराम के रूप में हुई है. पुलिस इजीबज और फोनपे की भूमिका की भी जांच की जा रही है. पुलिस अधिकारी के मुताबिक आरोपी ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर हाईबॉक्स नाम का एक मोबाइल एप विकसित किया, जिसके माध्यम से इन्वेस्टमेंट पर 1 से 5 प्रतिशत तक दैनिक और 30 से 90 प्रतिशत तक मासिक रिटर्न का वादा निवेशकों से किया गया. लोगों को इस फर्जी एप के माध्यम से निवेश करने के लिए प्रेरित करने के लिए कई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स और यूट्यूबर्स जैसे सौरव जोशी, अभिषेक मल्हान उर्फ फुकरा इंसान, पुरव झा, एल्विश यादव, भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया, लक्ष्य चौधरी, आदर्श सिंह, अमित उर्फ क्रेजी एक्सवाईजे और दिलराज सिंह रावत उर्फ इंडियन हैकर आदि की मदद ली. जिन्होंने हाईबॉक्स एप्लिकेशन को प्रमोट किया. मुनाफा तो दूर, मूलधन भी नहीं मिला पीड़ितों का कहना है कि मोटा मुनाफा और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के प्रभाव में आकर उन्होंने अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई उस एप के माध्यम से निवेश किया. मुनाफा तो दूर उनका मूलधन भी उन्हें वापस नहीं मिला और जब वे नोएडा स्थित उसके ऑफिस पहुंचे तो उन्हें ऑफिस के बंद हो जाने का पता चला. पुलिस ने बताया कि पीड़ितों की शिकायत के आधार पर 20 अगस्त को स्पेशल सेल थाने में मामला दर्ज कर एसीपी मनीष जोरवाल की निगरानी में इंस्पेक्टर हरबीर के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और मामले की छानबीन शुरू की गई.बैंक खातों से चला मास्टरमाईंड का पताशुरूआती जांच में टीम को उत्तर–पूर्व जिले की 30, शाहदरा जिले की 24 और बाहरी जिले की 35 और शिकायतें मिलीं. एनसीआरपी पोर्टल पर इसी तरह की धोखाधड़ी के 488 और मामले भी लिंक किए गए हैं. अपराध की गंभीरता और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की

भूमिका को देखते हुए टीम ने धोखाधड़ी में शामिल पेमेंट गेटवे और बैंक खातों का विवरण हासिल किया. जांच के दौरान पता चला कि इजीबज और फोनपे का उपयोग धोखाधड़ी के रुपये को अन्य खातों तक पहुंचाने में किया गया. पुलिस ने ऐसे चार बैंक खातों की पहचान की, जिनका इस्तेमाल धोखाधड़ी के रुपये निकालने के लिए किया गया था. खाताधारक जे. शिवराम की पहचान के बाद उसके ठिकानों पर छापेमारी कर पुलिस ने उसे दबोच लिया.इस मामले में पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की जांच में जुटी हुई है. इसके साथियों का पता कर उन्हें भी गिरफ्तार करने की कोशिश जारी है.

कालकाजी मंदिर में देर रात करंट लगने से नौवीं के छात्र की मौत, भगदड़ में छह घायल

दिल्ली के मशहूर कालकाजी मंदिर में करंट लगने से एक की मौत हो गई. वहीं भगदड़ में छह लोग घायल हो गए. 2 अक्टूबर की देर रात 12 बजकर 40 मिनट पर पुलिस को जानकारी मिली कि कालकाजी मंदिर में दर्शन करने आए कुछ भक्त करंट की चपेट में आ गए हैं. मौके पर जाकर पता चला कि रामप्यायु और लोटस टेम्पल के मर्जिंग प्वाइंट पर इलेक्ट्रिक वायर के संपर्क में आ गए थे. पुलिस स्टाफ ने मौके पर पहुंच कर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया. इलेक्ट्रिक सप्लाई को बन्द किया गया और लोगो को मौके से हटाया गया. बीएसईएस और पुलिस ने मौके पर जांच की और मंदिर को खाली कराया. करंट से घायल नौवीं के छात्र की मौतजांच में पता लगा कि हेलोजन लाइट्स के लिए लगाया गया एक इलेक्ट्रिक वायर टूट गया था और लोहे के रेलिंग में लगने से उसमे करंट आ गया था. कुल सात लोगों को चोट आई थी जिसमें से एक करंट लगने और छह भक्तों को भगदड़ की वजह से चोट आई थी. करंट से घायल हुए नौवीं के छात्र की बाद में मौत हो गई. मृतक छात्र की पहचान की गईमृतक की छात्र की पहचान मयंक के तौर पर हुई, जो 9वीं क्लास में पढ़ता था. बताया जा रहा है कि मृतक अपने परिवार के साथ कालकाजी मंदिर में दर्शन करने आया था और करंट की चपेट में आ गया जिस वजह से उसकी जान चली गई. मृतक के पिता प्लंबर का काम करते हैं. इसके अलावा सभी घायल खतरे से बाहर बताए जा रहे हैं.पुलिस ने कई धाराओं के तहत मामला दर्ज कियाफिलहाल रिपेयरिंग के बाद कालकाजी मंदिर में इलेक्ट्रिक सप्लाई शुरू कर दी गई थी और भक्तों के लिए दर्शन भी शुरू कर दिए गए थे. पुलिस ने कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया है. पुलिस ने 289, 125(9) और 106(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

दुर्गा पूजा देखने निकली बालिका की हत्या, खेत में मिला रक्त रंजित शव, दुष्कर्म की भी आशंका

प्रयागराज के सोरांव इलाके में शुक्रवार को घर से 200 मीटर दूर खेत में एक आठ वर्षीय बालिका की रंक्तरंजित लाश मिली। उसके साथ दुष्कर्म की भी आशंका जताई जा रही है। बच्ची बृहस्पतिवार की देर शाम गांव में दुर्गा पूजा देखने के लिए निकली थी, लेकिन रातभर वापस नहीं लौटी। सोरांव थाना क्षेत्र के उसरही गांव में सनसनीखेज वारदात सामने आई है। यहां दुर्गा पूजा देखने के लिए घर से निकली आठ वर्षीय बालिका की हत्या कर दी गई। वह बृहस्पतिवार शाम को घर से निकली थी और फिर इसके बाद उसका कुछ पता नहीं चला।घरवाले रात भर खोजबीन में जुटे रहे। शुक्रवार की सुबह घर से 200 मीटर दूर स्थित खेत में उसका शव रक्तरंजित शव मिला। शव की हालत देखकर दुष्कर्म की भी आशंका जताई जा रही है। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वॉड को बुलाया गया है। घटना के बाद डॉग स्क्वॉयड और फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर साक्ष्य संकलन किया। परिवार के लोगों से पूछताछ की जा रही है। शक के आधार पर पुलिस ने कई आरोपियों को चिन्हित किया है। अधिकारियों ने पहुंचकर घटना स्थल का जायजा लिया।

आवश्यकता है
हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र **जननायक सम्राट** के लिये जिला ब्यूरो चीफ, मण्डल ब्यूरो चीफ,ब्लॉक ब्यूरो एंव संवाददाता की आवश्यकता है।
सम्पर्क करें –
अमित कुमार वर्मा
सम्पादक करें
मो:8218049162,8273402499

जननायक सम्राट
हिन्दी साप्ताहिक
मालिक,मुद्रक,प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिटिंगप्रेस,अचलताल, अलीगढ़ से मुद्रित कराकर कार्यालय सरोज नगर ,गली नम्बर 5, अलीगढ से प्रकाशित
सम्पादक
अमित कुमार वर्मा
सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा।

दिल्ली में नवरात्र के साथ हुई त्योहारी सीजन की शुरुआत, 10 दिनों में हो सकता है 50 हजार करोड़ का कारोबार

दिल्ली समेत देश भर में नवरात्र के साथ ही त्योहारी सीजन की शुरुआत हो चुकी है. इसी के साथ अगले 10 दिनों में पूजा के अलावा रामलीला, गरबा और डांडिया जैसे उत्सवों का आयोजन किया जाएगा. इन उत्सवों के दौरान बाजारों में भी खूब रौनक रहेगी, जिससे देश भर में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और कारोबार से काफी फायदा होने की उम्मीद है.कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के एक अनुमान के अनुसार अगले दस दिनों में देश भर में लगभग 50 हजार करोड़ रुपये से अधिक का व्यापार होने की संभावना है. बात करें दिल्ली की तो केवल दिल्ली में ही लगभग आठ हजार करोड़ रुपये से अधिक के व्यापार का अनुमान है. कैट के राष्ट्रीय महामंत्री एवं चांदनी चौक से सांसद प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि त्यौहारों में खरीदी की विशेष बात यह है कि अब लोगों का चीन से बने सामानों से मोहभंग हो चुका है इसलिए बाजारों में बिक्री किए जाने वाले अधिकांश उत्पाद भारतीय ही होंगे. उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की पहल पर "वोकल फॉर लोकल" तथा "आत्मनिर्भर भारत" अभियान ने देश भर में भारतीय सामानों की गुणवत्ता को बढ़ाया है और अब भारत में बने सामान किसी भी विदेशी सामान से बेहतर हैं. लाखों लोगों को मिलता है रोजगाप्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि, देश भर में नवरात्रि, रामलीला, गरबा एवं डांडिया जैसे 1 लाख से अधिक छोटे–बड़े कार्यक्रम आयोजित होते हैं जिसमें विभिन्न प्रकार के धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम शामिल हैं. वहीं बड़े पैमाने पर देश भर में भक्ति संगीत के कार्यक्रम भी आयोजित होते है. इन उत्सवों के जरिए लाखों लोगों को रोजगार मिलता है. नवरात्रि के समापन पर विजयदशमी, दुर्गा विसर्जन, करवा चौथ, धनतेरस, दीपावली, भाई दूज, छठ पूजा एवं तुलसी विवाह से त्यौहारों की यह श्रृंखला समाप्त होगी. अकेले दिल्ली में छोटी बड़ी लगभग एक हजार से अधिक रामलीलाएं आयोजित की जाती हैं, जबकि सैकड़ों दुर्गा पूजा के पंडाल लगते हैं. मूल रूप से गुजरात में होने वाले डांडिया और गरबा के कार्यक्रम बड़े पैमाने पर अब दिल्ली सहित देश भर में आयोजित होते हैंखपत के कारण बढ़ जाती है इनकी मांगप्रवीण खंडेलवाल के मुताबिक त्यौहारी सीजन में कपड़े एवं परिधान खासकर पारंपरिक परिधान जैसे साड़ी, लहंगा और कुर्ते की मांग काफी बढ़ जाती है. पूजा और धार्मिक आयोजनों के लिए लोग नए कपड़े खरीदते हैं, जिससे इस श्रेणी में व्यापार में उछाल देखने को मिलता है. वहीं बड़े पैमाने पर पूजा सामग्री की मांग भी होती है. पूजन के लिए आवश्यक वस्तुएं जैसे फल, फूल, नारियल, चुनरी, दीपक, अगरबत्ती और अन्य पूजन सामग्रियों की भारी मांग रहती है. त्योहारों में हलवा, लड्डू, बर्फी और अन्य मिठाइयों की खपत बढ़ जाती है. वहीं बड़ी मात्रा में फलों और फूलों की भी मांग रहती है. त्योहारों में घर और पूजा पंडालों को सजाने के लिए साज–सज्जा के सामान जैसे दीयों, बंदनवार, रंगोली सामग्री और लाइटिंग की मांग बढ़ती है.

सीएम योगी का दिखा अलग अंदाज, लिटिल चौम्प के साथ खेला शतरंज, खूब हुई शह-मात की बात

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आज एक अलग अंदाज देखने को मिला. जब वो एक छोटे से बच्चे के साथ शतरंज खेलते हुए दिखाई दिए. गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री में देश के सबसे कम उम्र के फीडे (विश्व शतरंज महासंघ) रेटेड खिलाड़ी, गोरखपुर निवासी कुशाग्र अग्रवाल के साथ शतरंज खेल कर उत्साहवर्धन किया. सीएम योगी ने इस लिटिल चौम्प से शतरंज के खेल में मोहरों की चाल और शह–मात पर खूब बात की. शुक्रवार को शतरंज का लिटिल चौंप कुशाग्र अग्रवाल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आशीर्वाद लेने गोरखनाथ मंदिर पहुंचा था. कुशाग्र अभी सिर्फ 5 साल 11 माह का है और यूकेजी में पढ़ते हैं. लेकिन शतरंज की चालों में वो अच्छे–अच्छों को मात देता है. शतरंज में उनकी उपलब्धि उम्र से काफी बड़ी है. 1428 रैपिड फीडे रेटिंग हासिल कर वह इस समय भारत में सबसे कम उम्र के फीडे–रेटेड खिलाड़ी हैं. सीएम योगी ने भी खेला शतरंज कुशाग्र ने 4 साल की उम्र में शतरंज खेलना शुरू किया था. अपनी प्रतिभा के दम पर एक साल में ही उसने फीडे रेटिंग हासिल कर ली. शतरंज का शुरुआती प्रशिक्षण उन्हें अपनी बहन अविका से मिला जो खुद भी शतरंज की बेहतरीन खिलाड़ी हैं. कुशाग्र अब तक पटना, बेंगलुरु, पुणे में आयोजित लगभग अंतरराष्ट्रीय फीडे रेटेड प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर पुरस्कार जीत चुके हैं. सीएम योगी से मुलाकात के बाद कुशाग्र बेहद खुश दिखाई दिया. गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल कुशाग्र को उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया बल्कि उनके साथ शतरंज खेलकर खूब उत्साह भी बढ़ाया. उन्होंने कुशाग्र से शतरंज की चालों से जुड़ी बारीकियों पर भी चर्चा की. मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि कुशाग्र अग्रवाल की प्रतिभा को और निखारने के लिए यूपी सरकार हर तरह की मदद करेगी. उन्होंने विश्वास जताया कि शतरंज का नन्हा अंतरराष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी आने वाले समय में गोरखपुर और प्रदेश का नाम देश–दुनिया में रोशन करेगा.

शहर में देसी घी की फैक्टरियों पर छापे, भरे गए नमूने, जांच को भेजे जाएंगे प्रयोगशाला

अफसरों को अलीगढ़ में मिलावटी घी बिक्री की सूचनाएं मिल रही थीं। अभियान में अलग–अलग 11 स्थानों से देसी घी, खाद्य पदार्थ व व्रत के सामान से जुड़े नमूने संग्रहित किए गए। जबकि 37 किलोग्राम कुट्टू के आटे को जब्त कर लिया गया।

अफसरों को अलीगढ़ में मिलावटी घी बिक्री की सूचनाएं मिल रही थीं

अलीगढ़ प्रशासन की टीम ने 3 अक्टूबर को शहर में देसी घी की फैक्टरियों और दुकानों पर छापे मारे। घी के पांच सैंपल भरे गए हैं। इनकी गुणवत्ता की जांच कराने के लिए सैंपल प्रयोगशाला को भेजे जाएंगे। वहीं कुट्टू के आटे को भी चेक किया गया। कई जगह से क्वालिटी ठीक न होने पर आटे को जब्त कर लिया गया है। दिन भर चली इस कार्रवाई से हड़कंप मचा रहा। बताया जाता है कि अफसरों को अलीगढ़ में मिलावटी घी बिक्री की सूचनाएं मिल रही थीं। अभियान में अलग–अलग 11 स्थानों से देसी घी, खाद्य पदार्थ व व्रत के सामान से जुड़े नमूने संग्रहित किए गए। जबकि 37 किलोग्राम कुट्टू के आटे को जब्त कर लिया गया।प्रशासन की टीम ने 3 अक्टूबर को शहर के कई बाजारों में घी की दुकानों और फैक्टरियों पर छापे मारे। कनवरीगंज से अजय वार्ष्णेय की दुकान से घी, महावीरगंज में पाठकजी घी वाले के यहां से लक्ष्मी ब्रांड घी, अमन कुमार श्याम सुंदर ओमप्रकाश घी वाले के यहां से अनमोल ब्रांड घी, कृष्णा फूड प्रोडक्ट्स के यहां से मटकी वाला घी, व मिलन कुमार के यहां से घी का नमूना लिया गया। इसी बाजार में गणेश चंद्र की दुकान से कुट्टू के आटे का नमूना भी लिया।एटा–क्वार्सी बाईपास से श्यामबाबू के यहां से साबूदाना व कूटू का आटा, तालानगरी से नियती जनरल स्टोर के कुशाल मिश्रा से कुट्टू का आटा, क्वार्सी से मेसर्स राजू प्रो. विजन स्टोर के राजकुमार के यहां से कुट्टू का आटा नौरंगाबाद के जय दुर्गे मिष्ठान भंडार से मिल्क केक का नमूना संग्रहित किया। टीम ने छापे के दौरान बिक्री करते हुए मिले 37 किलोग्राम कुट्टू के आटे को जब्त कर लिया। एडीएम सिटी अमित भट्ट ने बताया कि मिलावट के खिलाफ प्रशासन का अभियान जारी रहेगा। खाद्य सुरक्षा आयुक्त – 2 डॉ. दीनानाथ यादव ने बताया कि खाद्य निरीक्षक डॉ. सूरज, शिखा श्रीवास्तव, नेहा, अनुज कुमार, महेश कुमार, आशीष गंगवार, महेंद्र सिंह की टीमों ने छापे मारे।

कनवरीगंज स्थित पुलिस की मौजूदगी में नमूने भरती एफएसडीए की टीम

दौलता बाग चामुंडा मंदिररू मांगते हैं मन्नत, पूरी होने पर श्रद्धालु चढ़ाते हैं घंटा, करते हैं भंडारा

यहां मान्यता है कि आने वालों की मनो. कामना माता पूरी करती हैं। इसके बाद श्रद्धालु यहां घंटा चढ़ाते हैं। नवरात्र में नौ दिन तक यहां भजन–कीर्तन और जागरण होता है। साथ ही अखंड ज्योत जलती है। अलीगढ़ शहर में मथुरा रोड पर दौलता बाग स्थित चामुंडा मंदिर में माता काली की दिव्य मूर्ति श्रद्धालुओं को आकर्षित करती है। प्रतिदिन सुबह और शाम को यहां पूजा–अर्चना के लिए लोगों को तांता लगा रहता है। मान्यता है कि यहां आने वालों की मनोकामना माता पूरी करती हैं। इसके बाद श्रद्धालु यहां घंटा चढ़ाते हैं। नवरात्र में नौ दिन तक यहां भजनकीर्तन और जागरण होता है। साथ ही अखंड ज्योत जलती है।

मंदिर के प्रमुख सेवादार धर्मदास बताते हैं कि मंदिर सौ साल से ज्यादा पुराना है। यहां उस समय जंगल था। प्राचीन पीपल के पेड़ के नीचे ज्योत उत्पन्न हुई थी, जिसके बाद से यहां श्रद्धालुओं का आना प्रारंभ हो गया। कुछ साल पहले माता काली की दिव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। मूर्ति का आकर्षण नयनाभिराम है। श्रद्धालु मूर्ति के दर्शन करने के बाद भक्ति में डूब जाते हैं। सेवादार सामंता दास और जमुना देवी ने बताया कि मंदिर परिसर में भंडारे का स्थान बना है, जहां श्रद्धालु भंडारे कराते हैं, मनोकामना पूरी होने पर घंटा चढ़ाते हैं।नवरात्र में मंदिर में प्रतिदिन भजन–कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। सप्तमी को माता की चौकी लगाई जाएगी, जिसमें सुंदर झांकियां भी होंगी। व्रत के भंडारे भी चलेंगे।– धर्मदास, सेवादार चामुंडा मंदिर, दौलता बागसनी गेट चौराहे से डेढ़ किलोमीटर दूर है मंदिरदौलता बाग चामुंडा मंदिर सासनीगेट चौराहे से मथुरा रोड पर करीब डेढ़ किलोमीटर दूर है। मंदिर के आसपास खुला स्थान होने के कारण गाड़ियों की पार्किंग की समस्या नहीं होती। नवरात्र में मंदिर के आसपास मेले जैसा माहौल रहता है।

त्योहारी सीजन टमाटर खरीदो या सेब, अलीगढ़ में 80 रुपये किलो दोनों का ही रेट

त्योहार आते ही फलों पर तेजी आ गई है। कश्मीर और शिमला का अच्छी क्वा. लिटी का सेब थोक में 80 रुपये किलो है। सबसे महंगा चाइना का लाल अंगूर 400 रुपये किलो है। आगे और भी तेजी आएगी।त्योहारी सीजन में सब्जियों और फलों की कीमतों में तेजी के साथ इजाफा हो रहा है। टमाटर के दाम तो इस तरह बढ़ रहे हैं कि सेब के बराबर पहुंच गए हैं। थोक बाजार में दोनों ही 80 रुपये प्रति किलो के हिसाब से बिक रहे हैं। कारोबारियों की मानें तो पिछले दिनों हुई भारी बारिश के कारण सब्जी और फलों की फसल खराब हुई है। जिसके बाद स्थानीय मंडी में आवक कम हो गई है।नवरात्रि में सब्जी के दामों में 50 रुपये किलो तक की तेजी आई है। थोक में हरा धनिया सबसे महंगा 150 से 200 रुपये किलो तक बिक रहा है। थोक में टमाटर के दाम 80 रुपये किलो तक हैं।त्योहार आते ही फलों पर तेजी आ गई है। कश्मीर और शिमला का अच्छी क्वालिटी का सेब थोक में 80 रुपये किलो है। सबसे महंगा चाइना का लाल अंगूर 400 रुपये किलो है। आगे और भी तेजी आएगी।–मुकेश राठोर, फल विक्रेताचाइना का लाल अंगूर 400 रुपये किलोफल विक्रेताओं ने बताया कि बाजार में सबसे महंगा इस समय अंगूर बिक रहा है। अफगानिस्तान से आने वाला अंगूर थोक में 250 रुपये किलो है। वहीं चाइना का लाल अंगूर 400 रुपये किलो तक बिक रहा है। फुटकर बाजार में इनकी कीमत और भी ज्यादा है।

एक नजर में दाम

फल	अब कीमत
सेब	70 से 80
केला	35–40 रुपये
कीवी	35 रुपये नग
संतरा	70 रुपये
अंगूर अफगानिस्तान	250 रुपये
चाइना लाल अंगूर	400 रुपये

सब्जी	अब	
टमाटर	70–80 रुपये	30 रुपये
धनिया	150–200 रुपये	50 रुपये
हरी मिर्च	70–80 रुपये	25 रुपये
नींबू	60–70 रुपये	20 रुपये
आलू	25 रुपये	2 रुपये

नोट– ये दाम थोक बाजार के हैं।

रसिया दंगल कार्यक्रम पर हुआ विवाद खड़ा, विभिन्न मुस्लिम संस्थाओं ने जताई आपत्ति

बजरंगबल ने महानगर अध्यक्ष ठा. संजय सिंह की अध्यक्षता में बैठक की। जिसमें देहलीगेट चौराहे पर हुए परंपरागत रसिया दंगल को लेकर उलेमा हिंद संगठन द्वारा डीएम को रसिया दंगल बंद कराने अन्यथा सड़कों पर नमाज पढ़ने की इजाजत देने की निंदा की।अलीगढ़ के देहलीगेट चौराहे पर पूर्व मेयर शकुंतला भारती द्वारा 2 अक्टूबर रात रसिया दंगल अयोजित कराने के बाद विवाद खड़ा हो गया है। विभिन्न मुस्लिम संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारियों ने बृहस्पतिवार को इस आयोजन पर आपत्ति जताई। आरोप लगाया कि रसिया दंगल के चलते देहलीगेट चौराहे पर जाम लग गया। इससे लोगों को काफी परेशानी हुई। इसे लेकर डीएम विशाख जी. को ज्ञापन सौंपा है।मुस्लिम संस्थाओं के पदाधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री ने आदेश दिए हैं कि कोई भी आयोजन सड़क रोक कर नहीं होगा तो रसिया दंगल क्यों हुआ ? अगर ऐसे आयोजन हो रहे हैं तो पांच मिनट की ईद की नमाज में क्या तकलीफ है..? जो साल में एक बार ही होती है। उन्होंने इसे लेकर डीएम को ज्ञापन सौंपा है। डीएम ने जांच कराने का भरोसा दिया है।इस मौके पर बसपा नेता व पूर्व मेयर मो. हम्मद फुरकान, बसपा नेता सलमान शाहिद, जमाते उलेमा हिंद के महानगर अध्यक्ष मुफ्ती अकबर कासमी, सपा के महानगर अध्यक्ष अब्दुल हमीद घोसी, उमेर खान, आमिर इलू, हाजी चिराग आदि मौजूद रहे।सलमान शाहिद ने कहा कि पूर्व महापौर सरकार के आदेश के विरुद्ध रोड जाम कर रसिया दंगल का आयोजन कर शहर का माहौल खराब करना चाहती हैं। कांग्रेस नेता आगा युनुस ने कहा कि देहलीगेट चौराहा की सड़क जाम कर रसिया दंगल कर पूर्व मेयर व भाजपा नेताओं ने खुलेआम नियम कानून की धज्जियां उड़ाई हैं। आखिर पुलिस–प्रशासन ने कार्यक्रम सड़क पर क्यों होने दिया। पुलिस –प्रशासन का दोहरा मापदंड सामने आ गया है। आयोजकों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए।बजरंग बल आया आयोजन के समर्थन में

बजरंगबल ने 3 अक्टूबर को महानगर अध्यक्ष ठा. संजय सिंह की अध्यक्षता में बैठक की। जिसमें दो अक्तूबर को देहलीगेट चौराहे पर हुए परंपरागत रसिया दंगल को लेकर उलेमा हिंद संगठन द्वारा डीएम को रसिया दंगल बंद कराने अन्यथा सड़कों पर नमाज पढ़ने की इजाजत देने की निंदा की। संयोजक गौरव शर्मा ने कहा कि रसिया दंगल ब्रज क्षेत्र में गायकी की एक प्राचीन लोक परंपरा है। यह धार्मिक कार्यक्रम नहीं है, किसी धर्म या संप्रदाय से जुड़ा नहीं है। वर्ष में केवल एक बार आयोजन होता हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हिंदू त्यो. हारों से पूर्व सांप्रदायिक तनाव पैदा किया जा रहा है।

वसुधैव कुटुम्बकम्
LAXMI
श्री श्री 1008 महाराजाधिराज श्री अग्रसेन जी महाराज का 5148 वाँ
श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव
रविवार, 6 अक्टूबर 2024
अश्विन शुक्ल तृतीया, वि. संवत् २०८१
महायज्ञ प्रातः 8:00 बजे
सम्मान समारोह प्रातः 10:00 बजे
अग्रज्योति पत्रिका विमोचन प्रातः 11:00 बजे
शोभायात्रा प्रारम्भ अपराह्न 1:00 बजे
स्थान : श्री अग्रसेन चौक, जी.टी. रोड, अलीगढ़
नवीन अग्रवाल 'जलेसर' जयंती संयोजक
अभिनव अग्रवाल अध्यक्ष
एड. प्रशांत अग्रवाल महामंत्री
विवेक अग्रवाल 'सॉफ्टल' कोषाध्यक्ष
आयोजक : श्री अग्रवाल युवा संगठन (रजि.), अलीगढ़

रावण का पुतला लगाएगा ठहाका, तीर लगते ही नाभि से बहेगी खून की धार

बुलंदशहर के कोतवाली डिबाई के दानपुर के मुस्लिम परिवार से नाता रखने वाले अशफाक ठेकेदार अपने परिवार के 12 सदस्यों के साथ पिछले एक माह से रावण, कुंभकरण, मेघनाथ का पुतला तैयार करने में जुटे हुए हैं।अलीगढ़ शहर के अचलताल स्थित रामलीला मैदान में चल रही रामलीला में इस बार रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के पुतले खास होंगे। नुमाइश मैदान में आयोजित होने वाले दशहरा मेले में रावण का पुतला ठहाका लगाएगा। प्रभु श्रीराम का तीर लगते ही रावण की आंखों व नाभि से खून की धार बहेगी।अलीगढ़ में दशहरा पूरे उल्लास के साथ मनाया जाता है। परंपरा के अनुसार, दशहरे पर राम द्वारा रावण से युद्ध करने के बाद कुंभकरण और मेघनाद का वध किया जाता है। इसके बाद पुतलों का दहन किया जाता है। इस बार तीनों पुतले ठहाके लगाने के साथ ही अपनी गर्दन भी चारों ओर घुमाएंगे, उनकी गर्जना से पूरा मैदान गूंज उठेगा। इतना ही नहीं तीनों पुतलों की ढाल भी घूमती दिखाई देगी। इस दृश्य को देख दर्शक रोमांचित होंगे। इन पुतलों को तैयार करने में करीब साढ़े छह लाख रुपये का खर्च आएगा। बुलंदशहर का मुस्लिम परिवार एक महीने से जुटा है तैयारी में बुलंदशहर के कोतवाली डिबाई के दानपुर के मुस्लिम परिवार से नाता रखने वाले अशफाक ठेकेदार अपने परिवार के 12 सदस्यों के साथ पिछले एक माह से रावण, कुंभकरण, मेघनाथ का पुतला तैयार करने में जुटे हुए हैं। अशफाक ने बताया कि उनके परिवार की तीन पीढ़ियां रावण का पुतला बनाती आ रही हैं। जब वह दस वर्ष के थे, तब से अब्बा गफूर के साथ पुतला बनाने का काम कर रहे हैं। अलीगढ़ में आठवीं बार पुतले तैयार कर रहे हैं। इसके अलावा वे नागपुर, मुंबई, गुजरात व दिल्ली में भी रावण के पुतले तैयार कर चुके हैं।अशफाक ने बताया कि इस बार महंगाई काफी बढ़ चुकी है। इससे खर्चा अधिक आ रहा है। इन पुतलों के अलावा सोने की लंका तैयार करने का भी ठेका मिला है। नयनाभिराम आतिशबाजी भीहोगी।उन्होने बताया कि रावण का पुतला 65 फीट, कुंभकरण 55 फीट व मेघनाथ का पुतला 50 फीट का होगा। अबकी बार इन पुतलों की यह खासियत है कि जब राम–लक्ष्मण के बाण से इन्हें मारा जाएगा, तब रावण ठहाके लगाएगा और उसकी गर्दन भी चारों ओर घूमेगी। तीर लगते ही आंखों व नाभि से खून भी निकलेगा। उन्होंने बताया कि शहर के कुछ लोगों की मांग पर वे छोटे–छोटे रावण के पुतले भी तैयार कर रहे हैं।

अमृतकाल में सहभागिता कार्यक्रम में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की देंगे जानकारी

अलीगढ़ प्रदेश के मा0 समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री असीम अरुण जी0 05 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे कस्बा खैर स्थित अग्रवाल सेवा सदन में आयोजित अमृतकाल में सहभागिताकार्यक्रम में प्रतिभाकरेंगे।मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में विभागीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाते हुए जनसामान्य को उपयोगी जानकारी प्रदान की जाएगी।

जिला कार्यक्रम अधिकारी के रूप में कृष्ण कांत राय ने ग्रहण किया कार्यभार

अलीगढ़ बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग में रिक्त चल रहे जिला कार्यक्रम अधिकारी के पद पर कृष्ण कांत राय द्वारा कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है। जनपद गाजीपुर के मूल निवासी के0के0 राय इससे पूर्व जिला देवरिया में शासकीय सेवाएं दे चुके हैं। जिला अलीगढ़ में डीपीओ पद पर कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत जिले में तैनात सभी सीडीपीओ से परिचय प्राप्त करते हुए अपनी–अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए हैं।उन्होंने बताया है कि सरकार की मंशा के अनुरूप शासकीय दायित्वों का निर्वहन करते हुए शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र एवं जरूरतमंदों को दिलाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उत्तर प्रदेश स्केटिंग खो खो चौंपियनशिप 2024 में विजेता बनने पर खिलाड़ियों का किया गया सम्मान

TEAM UP
UP SKATEKHO ASSOCIATION

उत्तर प्रदेश स्केटिंग खो–खो एसोशिएशन के सौजन्य से उत्तर प्रदेश स्केटिंग खो–खो टीम के नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्केटिंग खो–खो चौंपियनशिप 2024 में अलीगढ़ उत्तर प्रदेश की सीनियर टीम के उप विजेता बनने पर और जूनियर वर्ग की टीम के तीसरे स्थान पर आने पर अलीगढ़ जिले के एडीएम प्रशासन पंकज कुमार और उत्तर प्रदेश स्केटिंग खो–खो एसोशिएशन अध्यक्ष पूर्व विधायक विवेक बंसल ने खिलाड़ियों को सम्मान समारोह कार्यक्रम में सम्मानित किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एडीएम प्रशासन पंकज कुमार को अध्यक्ष विवेक बंसल पूर्व विधायक और जनरल सेक्रेटरी प्रदीप रावत ने बुके देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि एडीएम प्रशासन पंकज कुमार ने स्केटिंग खो खो टीम के जूनियर कप्तान योग कुमार व सीनियर कप्तान आदित्य ठाकुर को माला पहनकर स्वागत किया और पूर्ण टीम को मेडल व प्रमाण पत्र देकर उनका हौसला बढ़ाया एडीएम प्रशासन पंकज कुमार ने कहा खिलाड़ियों को खेल के साथ–साथ शिक्षा का भी लगाव रहना चाहिए।उत्तर प्रदेश की टीम कोच वंशिका चौहान को मूवमेंट को देकर सम्मानित किया।सम्मान समारोह कार्यक्रम में इंडो एशिया रिकॉर्ड, आइकॉन एंबेसडर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और इनफ्लुएंसर बुक ऑफ वर्ल्ड के 45 स्केटिंग खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। रिकॉर्ड वाले खिलाड़ियों ने 78 मिनट लगातार स्केटिंग चलकर यह रिकॉर्ड 15 अगस्त को पूर्ण किया था। इसके प्रमाण पत्र पुणे महाराष्ट्र से प्राप्त हुए हैं। अध्यक्ष विवेक बंसल ने कहा अलीगढ़ के स्केटिंग खिलाड़ी लगातार कई वर्षों से अलीगढ़ का ही नहीं उत्तर प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। स्केटिंग खिलाड़ियों में मैंने देखा यह खिलाड़ी हमेशा ही अनुशासित रहते हैं। एक अनुशासित खिलाड़ी ही अनुशासन में रहकर अपने खेल का निखार करता है। संघ के अध्यक्ष विवेक बंसल ने स्केटिंग खो–खो के जनरल सेक्रेटरी प्रदीप रावत को भी हार्दिक बधाई दी और कहा आज अलीगढ़ में इस स्केटिंग खिलाड़ियों को जो उपलब्धि प्राप्त हो रही है वह जनरल सेक्रेटरी कोच प्रदीप रावत की मेहनत का फल है। नई दिल्ली में

राष्ट्रीय चौंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मोहम्मद मुस्तफा खान को ट्रॉफी देकर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है।कार्यक्रम का संचालन ओलंपिक संघ के जिला महासचिव मजहर उल कमर ने किया है। कार्यक्रम में मनोज गोयल, सर्वेश कुमार रजनीश जैन, डॉ शंभू दयाल रावत, डॉ नीलम पाराशर, रेखा चौधरी, शेफाली कपूर, राशिद खान, अनुराग जादौन, रिंकू दिक्षित राहुल भाटी वंश भारद्वाज सुमित कुमार आदि आदि उपस्थित रहे हैं।

इगलास तहसील के असावर में मौके पर जाकर कराया चकरोड़ से संबंधित शिकायत का निस्तारण

अलीगढ़ जिलाधिकारी विशाख जी0 आईजीआरएस पर आने वाली शिकायतों को लेकर गंभीर हैं। डीएम ने इगलास तहसील से संबधित आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायत के संदर्भ में शिकायतकर्ता की ऊपस्थिति में मौके पर जाकर समस्या का निस्तारण कराया। ग्राम असावर तहसील इगलास निवासी उदल सिंह ने आईजीआरएस पर चकरोड़ संख्या 167 रकबा 0.052 को कब्जामुक्त कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जिसके संदर्भ में शुक्रवार को डीएम स्वयं मौके पर पहुंचे और चकरोड़ को शिकायतकर्ता की उपस्थिति में कब्जामुक्त कराया।इस मौके पर एसडीएम इगलास शाश्वत त्रिपुरारी, तहसीलदार, ईओ इगलास व तहसील की राजस्व व पुलिस टीम मौजूद रही।

Mob :- 9358212499, 9870916612
Unique
Photo Studio
Drone Camera
Candid Shoot
Cenematic Shoot
Kisanpur, Ramghat Road, Aligarh